>

Title: Regarding quality of road construction work from Sandila to Mehandighat via Gausganj in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख, जनपद सीतापुर (उ0प्र0) के अतर्गत सण्डीला से गौसगंज होते हुए मेहंदीघाट तक नाबार्ड के वित्त पोषण से लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार संबंधित अभियंताओं से कथित सांठगांठ करके घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं ।

मैंने अपने संसदीय भ्रमण के दौरान स्वयं पाया है कि उक्त सड़क के निर्माण में मानकों को दरकिनार करते हुए घटिया गुणवत्ता की सामग्री उपयोग में लाकर केन्द्रीय निधि का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे सरकार की छवि स्थानीय जनता में धूमिल हो रही है ।

अत: मेरा अनुरोध है कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य और वित्त राशि अविलंब रुकवाकर केन्द्रीय स्तर पर एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति गठित करके जांच करवाकर दोषी अभियंताओं के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करके केन्द्रीय धनराशि के दुरुपयोग को रोकने हेतु समुचित कदम उठाए जाएं ।